


# राज्यपाल की ड्यूटी में लगी एम्बुलेंस का हुआ ब्रेकडाउन

## कारकेड से हुई बाहर, मेडिकल टीम थी सवार, एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक जाना था

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 नवम्बर. प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल की कारकेड में शामिल शासकीय एम्बुलेंस का मंगलवार को वापसी के दौरान ब्रेकडाउन हो गया। जिस कारण एम्बुलेंस कारकेड से अलग हो गई। इसमें मेडिकल टीम सवार थी। मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. विनय मोहन तिवारी और अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव सिंह ने मोबाइल के माध्यम से डीएसपी (हेड क्वॉर्टर) मनोज दीक्षित से संपर्क बनाए रखा।**



ब्रेक फेल होने पर चालक पुष्पेन्द्र सिंह को एम्बुलेंस धीमी गति से जिला अस्पताल तक लानी पड़ी। सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी ने मामले की जांच कराने की बात कही है। यह एम्बुलेंस राज्यपाल के मझगवां विकासखण्ड के बांका स्थित कार्यक्रम के लिए ड्यूटी पर लगाई गई थी। सीएमएचओ ने इस कार्यक्रम के लिए दो मेडिकल टीमें गठित की थीं। पहली टीम को अमरपाटन की एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस (सीजी 04 एनवी 6362) के साथ सतना एयरपोर्ट से कारकेड में कार्यक्रम स्थल तक जाना था और वापसी में भी कारकेड में ही रहना था। दूसरी मेडिकल टीम की ड्यूटी कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई थी। पहली मेडिकल टीम में डॉ. विनय मोहन तिवारी, डॉ. रंजना सिंह (निश्चेतना), डॉ. राजीव सिंह, विजय सिंह (फार्मासिस्ट) और प्रमोद शुक्ला (वॉर्ड ब्वॉय) शामिल थे। सरकारी अनुमति के साथ डॉ. राजीव सिंह बी पॉजिटिव ब्लड समूह के दो डोनर के साथ अपनी निजी कार से कारकेड में मौजूद थे। एंबुलेंस सीधे सतना अस्पताल पहुंची कार्यक्रम स्थल से लौटते समय 108 डायल की इस एम्बुलेंस के ब्रेक में खराबी आ गई। चालक ने एम्बुलेंस की रफ्तार धीमी कर ली, जिससे वह कारकेड से बाहर हो गई। मेडिकल टीम ने तुरंत इसकी जानकारी कारकेड में शामिल डीएसपी (हेडक्वॉर्टर) को दी और धीरे-धीरे सतना की ओर रवाना हुए। वापसी में एम्बुलेंस हेलीपैड न जाकर सीधे जिला अस्पताल पहुंची।

### गंभीर विषय, होगी जांच

सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि वीवीआईपी ड्यूटी में लगाई गई इतनी आधुनिक एम्बुलेंस का ब्रेकडाउन होना गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि इस मामले की तहकीकात के लिए एक जांच टीम गठित की जाएगी।

# ओलंपियाड में आए बच्चों के भोजन पर डाका

## बैठाकर खिलाना था पूड़ी-सब्जी, थमा दिया गया समोसा-जलेबी

नवभारत न्यूज

**सतना 18 नवंबर. केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं-कार्यक्रमों की परिणिति जिला स्तर तक पहुंचते-पहुंचते क्या हो जाती है, इसकी एक बानगी मंगलवार को आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा में देखने को मिली.**



जारी आदेश में भले ही परीक्षा में शामिल होने वाले सभी बच्चों को बाकायदा बैठाकर पूड़ी-सब्जी और मिठाई खिलाने का उल्लेख रहा हो. लेकिन उक्त आदेश को ताक पर रखते हुए स्थानीय जिम्मेदारों ने बच्चों को 1-1 समोसा-जलेबी कागज में लपेटकर थमा दी.

प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के छात्रा-छात्राओं के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन कराया जाता है. जिला स्तर पर इस परीक्षा की जिम्मेदारी जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक पर होती है. सत्र 2025-26 के लिए ओलंपियाड प्रतियोगिता पहले 4 नवंबर को होनी थी. लेकिन कक्षा 9 से लेकर 12 तक के विद्यार्थियों की अर्ध वार्षिक परीक्षा को देखते हुए उक्त प्रतियोगता की तिथि बदलकर 18 नवंबर कर दी गई. लिहाजा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को शहर के पीएम श्री शासकीय व्यंकट क्र. 2 उमावि में ओलंपियाड प्रथम चरण की प्रतियोगिता आयोजित की गई. इस परीक्षा में कक्षा 2 से लेकर कक्षा 8 तक के जिले भर से आए सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. मामले का काबिलेगौर पहलू यह रहा कि प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के दौरान की जाने वाली सभी तरह की व्यवस्थाएं दम तोड़ती नजर आईं. प्रतियोगिता परीक्षा के लिए भले ही राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा अच्छा-खासा बजट उपलब्ध कराया गया हो. लेकिन प्रत्येक स्तर पर व्यवस्थाओं में खासी कटौती देखने को मिली. इस मामले में सबसे अधिक अन्याय बच्चों के साथ होता नजर आया. राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी आदेश में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि ओलंपियाड में शामिल होने वाले बच्चों को बैठाकर पूड़ी-सब्जी और मिठाई खिलाया जाएगी. लेकिन बैठाकर खिलाना तो दूर की बात है. सभी बच्चों को कागज में लपेटकर 1 समोसा और 1 जलेबी थमा दी गई. कुछ बच्चों को जलेबी के बजाए 1 लड्डू थमा दिया गया. चूंकि बच्चों को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी. लिहाजा जो कुछ भी मिला उन्होंने उसे खाकर अपनी भूख मिटाने का प्रयास किया.

### हर स्तर पर गड़बड़झाला...

प्रतियोगिता स्थल पर सभी बच्चों को बैठाकर भोजन कराने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रति विद्यार्थी 30 रु की राशि निर्धारित की गई थी. इसी कड़ी में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल, बैठक व्यवस्था, परीक्षा से जुड़े सदस्यों के लिए चाय और स्वल्पाहार की व्यवस्था की जानी थी. इतना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए भी पेयजल और बैठक व्यवस्था करनी चाहिए थी. जिसके लिए 1500 रु की राशि निर्धारित थी. इसके अलावा किराए के वाहनों के लिए 20 हजार रु की सीमा निर्धारित थी. लेकिन आयोजित ओलंपियाड में दम तोड़ती नजर आई व्यवस्थाओं ने बीआरसी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए.

# स्पेशल डीजी जेल ने किया ई-कोर्ट का शुभारंभ

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सकेगी पेशी

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 नवम्बर. केन्द्रीय जेल सतना में मंगलवार को जी. अखेतो सेमा (IPS) विशेष महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, भोपाल मध्यप्रदेश के कर कमलों द्वारा ई-कोर्ट का शुभारंभ किया गया।**



बंदियों को अपने प्रकरणों हेतु संबंधित न्यायालय में न जाना पड़े, पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से हो सके इसके लिये ई-कोर्ट का शुभारंभ व विस्तार किया गया। इससे पुलिस गार्ड पर निर्भरता कम होगी साथ ही समय की भी बचत होगी। जेल मुख्यालय भोपाल (म.प्र.) विशेष महानिदेशक जेल द्वारा जेल झूला घर, मुलाकात कक्ष, निर्माणाधीन नवीन महिला वार्ड, मूर्तिकला प्रशिक्षण केन्द्र, जेल भंडार घर, जेल अस्पताल, जेल कारखाना, पाकशाला, निर्माणाधीन अनुसुईया वार्ड, इसके साथ-साथ जेल के कार्यालयों स्थापना शाखा, लेखा शाखा, वारण्ट शाखा, तकनीकी शाखा व कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके खानपान एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में पूछताछ की गई। विशेष जेल महानिदेशक द्वारा जेल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक श्रीकान्त त्रिपाठी, जेल उप अधीक्षक सोनवीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, जेल चिकित्सक डॉ0 अंशुमान शर्मा, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय, सहायक जेल अधीक्षक फिरोजा खातून, सहायक जेल अधीक्षक अनिल प्रताप सिंह, सहायक ग्रेड-श्रीमती बिन्दू मिश्रा एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# मुख्यमंत्री आज नागौद में

**सतना, 18 नवम्बर.** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार को नागौद पहुंच रहे हैं.



देर रात जारी किए गए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के अनुसार दोपहर सबा बजे हेलीकाप्टर से डा. यादव नागौद पहुंचेगे इसके उपरान्त स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद 2.50 पर नागौद से पवई के लिए रवाना होंगे. बताया गया है कि नागौद प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे.

# ननि की जन सुनवाई में पहुंचीं 22 शिकायतें

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 नवम्बर. राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम नगर निगम के बड़े मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजेश चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिक निगम एवं सत्यम मिश्रा उपायुक्त (वित्त) उपस्थित रहे।**



जन-सुनवाई में 22 आवेदन प्राप्त हुए। विभागवार जानकारी के अनुसार जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 01 आवेदन, विथि शाखा से संबंधित 01 आवेदन, सामान्य प्रशासन से संबंधित 01 आवेदन, विकास कार्य से संबंधित 04 आवेदन, अतिक्रमण से संबंधित 05 आवेदन, सम्पत्ति कर से संबंधित 03 आवेदन, साफ-सफाई से संबंधित 01 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 06 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन, आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों, अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

# शासकीय वाहन से अटेंड की जा रही निजी क्लीनिक

- सीएमएचओ की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

**सतना 18 नवंबर. यदि जिले के स्वास्थ्य विभाग का सबसे बड़ा अधिकारी ही शायकीय वाहन का दुरुपयोग करते हुए उसके जरिए निजी क्लीनिक अटेंड करने लगे तो फिर मातहत अमले को तो मनमानी करने की छूट मिलना लाजिमी हो जाता है.**




मामला सीएमएचओ सतना का है जो अपने शासकीय वाहन के जरिए पन्ना की एक निजी क्लीनिक में मरीज देखने के लिए जाते हैं. यह सिलसिला तब से जारी है जब से उन्हें पन्ना से स्थानांतरित करते हुए सतना जिले का सीएमएचओ बनाया गया था.

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी सतना डॉ. एल के तिवारी प्रत्येक रविवार को सतना से पन्ना जाते हैं. जहां पर स्थित पन्ना सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक में बतौर शिशु रोग विशेषज्ञ वे मरीजों को देखते हैं. किसी शासकीय चिकित्सक का निजी क्लीनिक अथवा हास्पिटल में जाकर सेवाएं देना कोई अपराध नहीं है. नियमों के दायरे का हवाला देते हुए शासकीय अस्पतालों में पदस्थ तकरीबन सभी चिकित्सक ऐसा करते हैं. लेकिन सीएमएचओ डॉ. तिवारी का मामला इसलिए अलग है कि इस कार्य के लिए वे अपने शासकीय वाहन का उपयोग करते हैं. सफेद रंग की स्कार्पियो क्रमांक एमपी 19 सीसी 7986 पर नंबर प्लेट के ऊपर बाकायदा लाल रंग की सीएमचओ के पद नाम की प्लेट लगी रहती है. बताया गया कि यह सिलसिला पिछले 3 वर्ष से जारी है. प्रत्येक रविवार अथवा अवकाश के दिनों में सीएमएचओ डॉ. तिवारी शासकीय वाहन में सवार होकर पन्ना पहुंचते हैं. जहां पर स्थित निजी क्लीनिक में सेवाएं देने के बाद वे उसी वाहन से वापस लौट आते हैं. गौरतलब है कि सीएमएचओ सतना बनने से पहले डॉ. तिवारी पन्ना जिले में ही पदस्थ थे.

# कार में मिली 108 लीटर शराब आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 नवम्बर. नशे की विरुद्ध जारी कार्रवाई के क्रम में पुलिस द्वारा एक कार से 108 ली शराब जब्त की गई। इस मामले एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।**



थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा इटमा पार जसो रोड़ नागौद पहुंचकर नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक कार नागौद तरफ से आती हुई दिखी। सफेद रंग की कार क्रमांक क्क्ष4क्च्छ7046 में एक व्यक्ति बैठा हुआ दिखा। नाम पूछने पर अपना नाम हरीश सिंह परिहार पिता जितेन्द्र सिंह परिहार उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मढ़ी कलां, थाना नागौद का बताया। कार की तलाशी लेने पर पीछे की डिग्गी में 12 नग कागज के खाकी रंग के कार्टून की पेटिया रखे मिली। जिसमें कुल 108 लीटर कीमत 56,500 रु की शराब जब्त कर ली गई। धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही कार को भी जब्त कर लिया गया।

### हरियाणा के नूंह में मिली बालिका

जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग की तलाश कर रही पुलिस टीम को हरियाणा के नूंह में जाकर उसकी दस्तयाबी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग लड़की के परिजनों द्वारा गुमशुदगी की शिकायत की गई थी. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु की गई. लेकिन कहीं से कोई जानकारी सामने नहीं आई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह द्वारा बालिका की दस्तयाबी पर 10 हजार रु के ईनाम की घोषणा की गई थी. इसी दौरान पुलिस को इस बात की सूचना मिली कि गुमशुदा बालिका हरियाणा के नूंह क्षेत्र में मौजूद है. लिहाजा बिना देरी किए पुलिस टीम वहां पहुंच गई. जहां पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से बालिका को दस्तयाब कर लिया गया.

# दुष्कर्म-हत्या के आरोपी को उम्रकैद

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 नवम्बर. चिन्हित एवं जघन्य सनसनीखेज मामले में हत्या तथा बलात्कार करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास के साथ साथ अर्थदंड से दंडित किया गया।**

उमेश कुमार शर्मा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नागौद द्वारा आरोपी राजा उर्फ अजय अहिरवार तनय रामसंजीवन अहिरवार निवासी टीकर थाना सिंहपुर जिला सतना को धारा 376 ए में 20 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 1000 रूपये का अर्थदंड तथा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 10000 रूपये का अर्थदंड, धारा 201 भादवि में 03 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 5000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामले में राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक एडीपीओ भीष्मप्रताप सिंह द्वारा अभियोजन का संचालन किया गया। अभियोजन प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि अभियोजन की ओर से 26 अभियोजन साक्षियो तथा 42 दस्तावेजो तथा 16 आर्टिकल को प्रदर्शित कराया गया।

## एक नजर में



### लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी वितरण

**सतना।** लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा मंगलवार को श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेअर पर्सन लायन आलोक त्रिपाठी, पूर्व प्रेसिडेंट लायन धर्मेंद्र सेन, पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन संतोष कुमार सक्सेना, लायन जितेन्द्र गर्ग, विनोद कुमार गर्ग, अशोक त्रिपाठी, मिथलेश पाण्डेय, कमल कांत पाण्डेय, स्वामीदीन शुक्ला, सुकीर्त त्रिपाठी, सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी, मंदिर के पुजारी पं.जगन्नाथ महराज एवं साथी उपस्थित रहे।


### डॉ. अखिलेश ने राष्ट्रीय शिक्षक विकास कार्यक्रम में दिया व्याख्यान

**सतना।** मंगलवार एकेएस विश्वविद्यालय के डॉ.अखिलेश ए. वाऊ ने यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र के आठ दिवसीय शिक्षक विकास कार्यक्रम में विशिष्ट संसाधन व्यक्ति के रूप में व्याख्यान दिया। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर तथा ज्ञान गंगा प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, जबलपुर द्वारा 10-18 नवम्बर 2025 तक आयोजित कार्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन शिक्षण एवं विशाल डेटा प्रबंधन - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुसंधान में देशभर के शिक्षक जुड़े। डॉ. वाऊ, डीन कम्प्यूटर विज्ञान, एकेएस विश्वविद्यालय सतना ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास, चुनौतियाँ, अवसर और शोध आयाम विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी।



### प्रणामी मंदिर के 152 वर्ष पूरे होने पर अखण्ड पाठ 20 से

**सतना।** श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर सतना के 152 वर्ष पूर्ण होने पर 20 नवम्बर से तीन दिवसीय श्री अखण्ड पाठ का प्रारंभ भव्यता के साथ होने जा रहा है। श्री अखंड पाठ का शुभारंभ गुरुजी संत श्री मोहन प्रियाचार्य जी महाराज भव्यता के साथ करेंगे। संत मोहन प्रियाचार्य जी का 19 नवंबर की शाम आगमन होगा। संत श्री मोहप्रियाचार्य जी धर्म चर्चा के माध्यम से सतना सुन्दरसाथ को संबोधित करेंगे। बीस नवम्बर की सुबह 9 बजे से अखण्ड पाठ का प्रारंभ होगा। मंदिर महंत साध्वी निर्मला माता जी एवं समस्त ट्रस्टी गण ने सभी सुन्दरसाथ से तीन दिवसीय अखण्ड पाठ में सम्मलित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाने की विनती की है। अखण्ड पाठ का समापन 22 नवम्बर को भंडारे के साथ होगा।



### श्रीमद् भागवत कथा में आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**सतना।** स्वर्गीय मनीष कुमार तिवारी की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आमिलपुर में जुगल किशोर तिवारी उमेश कुमार सावित्री तिवारी निर्भय नाथ रानी तिवारी आकाश नितिन विमल नवनीत एवं समस्त तिवारी परिवार ने किया है। उन्होंने सभी से कथा के समस्त कार्यक्रम में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित की अपील किया है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव बुधवार 19 नवंबर को होगा कथा विश्राम एवं हवन 22 नवंबर को ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा रविवार 23 नवंबर को निज निवास आमिलपुर में संपन्न होगा पंडित भास्कर प्रसाद शास्त्री जी महाराज वाराणसी के श्रीमुख से भागवत कथा का अमृत पान श्रोता कर रहे हैं कार्यक्रम में सबकी सहभागिता सफल बनाने हेतु तिवारी परिवार ने सभी से पूर्ण लाभ अर्जित करने का आग्रह किया।

# सांसद ट्रॉफी में 12 हजार से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

## सांसद खेल महोत्सव 2025 की आगाज 26 नवंबर से

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 नवम्बर. सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 31 अगस्त को माननीय सांसद जी द्वारा दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम में की गई घोषणा से हो चुकी है।**

इस खेल महोत्सव में शामिल होने के लिए जिले भर के खिलाड़ियों ने दो माह तक निशुल्क ऑनलाइन पंजीयन किया गया, जिसके अनुसार 1236 टीमों में 12 हजार से अधिक खिलाड़ी तथा एथलेटिक्स में 1649 पुरुष-महिला खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। खेल महोत्सव में शामिल होने के लिए निर्धारित नियम के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत की एक टीम तथा नगरीय क्षेत्र होने पर एक ही वार्ड की टीम को सम्मिलित किया जाना था, परंतु बहुत से उत्साही खिलाड़ियों ने नियम के विपरीत कई बार पंजीयन किया है। आयोजन समिति ने पूरे खिलाड़ियों का सत्यापन किया है जिसके अनुसार 7500 से अधिक खिलाड़ी लोकसभा क्षेत्र के सतना और मैहर जिले के 11 खेलो में शामिल होंगे। सतना जिले में यह खेल कोठी, बिरसिंहपुर, नागौद, उचेहरा, प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड रामपुर तथा जिला मुख्यालय में दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम और तिवारी स्टेडियम में संपन्न होंगे। इसी प्रकार मैहर जिले में अलाउद्दीन स्टेडियम, अमरपाटन और रामनगर में खेल केंद्र बनाए गए हैं। कार्यक्रम के संयोजक सांसद गणेश सिंह के द्वारा बताया गया कि जिले में खेलमय वातावरण तैयार करने तथा लोकसभा क्षेत्र के प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें अच्छा खेल मंच दिलाने के लिए यह आयोजन पिछले 13 वर्षों से किया जा रहा है। सतना जिले में संचालित सांसद ट्रॉफी को आधार मानकर माननीय प्रधानमंत्री तथा खेल मंत्रालय भारत सरकार ने इसे पूरे देश में लागू कर आयोजित करने का निश्चय किया है। हम इस आयोजन में जिले भर के सभी खिलाड़ियों से शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए आवाहन करते हैं। खेलों के व्यवस्थित आयोजन के लिए अरुण कुमार सिंह सांसद खेल प्रतिनिधि को सतना और मैहर जिले का प्रभारी नामांकित कर सभी आयोजन स्थलों में योग्य खेल विशेषज्ञों को खेल आयोजन की जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

### एसआईआर कार्य में लापरवाही करने पर पटवारी निलंबित

**सतना 18 नवम्बर.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सतना जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 में बीएलओ सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त हल्का पटवारी मटेहना अनिल कुमार सिंह को आवंटित मतदान केन्द्रों में संतोषजनक प्रगति नहीं पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार बीएलओ सुपरवाइजर अनिल कुमार सिंह का मतदान केन्द्र क्रमांक 34, 38, 198, 1199, 200, 201, 202, 203, 204 एवं 205 का बीएलओ सुपरवाइजर नियुक्त किया गया था।

# भाजपा पदाधिकारियों ने किया राज्यपाल का आत्मीय स्वागत

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 नवम्बर. मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज सतना जिले के एक दिवसीय प्रवास पर विशेष विमान से सतना एयरपोर्ट पहुंचे। उनके आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।**



एयरपोर्ट पर राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय, चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र त्रिपाठी, विनोद तिवारी, चन्द्र कमल त्रिपाठी, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, जिला महामंत्री रमाकांत गौतम, अशोक गुप्ता, मुरारी सोनी, शुभम तिवारी, जय प्रताप गुप्ता, अनिल सचदेव, सुनील सेनानी, अभिषेक तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी श्यामलाल गुप्ता 'श्यामू', संजय अग्रवाल 'चांदी' सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल के स्वागत के दौरान एयरपोर्ट परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल के सतना आगमन को जिले के लिए गौरवपूर्ण अवसर बताया।

# विशेषज्ञों की राय सहकारिता से समृद्ध होगा नया भारत

- रामा कृष्णा कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 नवम्बर. अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में भारत वर्ष में आयोजित 72 वे अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के तारतम्य में सतना के रामकृष्ण कॉलेज, सतना में द इग्नाइटेड माइंड्स ऑफ सतना द्वारा समृद्धि के सारथी अभियान के अंतर्गत सहकार से समृद्धि विषय पर सहकारिता जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया।**



सहकार भारती रीवा संभाग के प्रभारी संजय शाह के मुख्य आतिथ्य एवं सहकारिता प्रशिक्षक श्री शशिकांत चतुर्वेदी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन कार्यशाला की अध्यक्षता एकात्म मानववाद शोधपीठ के प्रमुख सीए सिंघई संजय जैन ने की। कार्यक्रम में रामकृष्ण कॉलेज के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जबकि कॉलेज टीम से प्राचार्य दीपक नेमा, प्रबंध संकाय प्रमुख आशुतोष दुबे और डॉ आशीष तिवारी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। युवा सीए कारन चौरसिया ने विषय प्रवेश करते हुए सहकारिता के विषय में सम-सामयिक जानकारी पीपीटी के माध्यम से देते हुए कहा किनए भारत के निर्माण के लक्ष्य में आज के विद्यार्थी की महातीय भूमिका है।